दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg.No.MH180326353

# पदमावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र एवं राजस्थान से प्रकाशित •

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

• वर्ष 12 • डिजिटल अंक 287 • मुंबई, शनिवार, 22 अगस्त, 2026 • प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत • कुल पृष्ठ 04 • मूल्य : 0.00/- • नि:शुल्क



## खबर संक्षिप्त

### नगर निकाय चुनाव-2026 : मतदान एवं मतगणना दलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निकाय चुनाव-2026 के तहत उदयपुर नगर निगम सहित कानोड़, भींडर, मावली, फतहनगर-सनवाड़ और वल्लभनगर निकायों के लिए गठित मतदान एवं मतगणना दलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव अग्रवाल ने बताया कि पीओ-1 का प्रशिक्षण 30 अगस्त को सुबह 10 बजे से सुखाड़िया रंगमंच, दीनदयाल उपाध्याय सभागार एवं पार्षद सभागार में होगा। पीआरओ का प्रशिक्षण 31 अगस्त को इन्हीं स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण 12 सितंबर को सुबह 10 बजे से सुखाड़िया रंगमंच सभागार में होगा। संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया 25 से उदयपुर प्रवास पर

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया 25 से 30 अगस्त तक उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। वे 25 अगस्त को सुबह 11.25 बजे महाराणा प्रताप हवाई अड्डा, डबोक पहुंचेंगे। कटारिया 27 अगस्त को सुबह 11 बजे विज्ञान समिति के 68वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। 29 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगे। आमजन इस दौरान अपनी समस्याएं एवं परिवेदनाएं प्रस्तुत कर सकेंगे। वे 30 अगस्त को रात 8 बजे वायुयान से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### हरियालो राजस्थान अभियान : 31 अगस्त तक पूरा करना होगा शेष पौधरोपण

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** 'हरियालो राजस्थान अभियान' के तहत वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित पौधरोपण लक्ष्य के विरुद्ध शेष कार्य 31 अगस्त तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सभी जिला कलेक्टरों को विभागवार एवं जिलेवार आवंटित लक्ष्यों के अनुसार पौधरोपण पूरा कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुसार लगाए गए पौधों की 'हरियालो राजस्थान' एप पर जियो-टैगिंग भी अनिवार्य रूप से की जाएगी, ताकि पौधरोपण कार्य की ऑनलाइन निगरानी और प्रगति का सत्यापन किया जा सके।

### रक्षाबंधन पर 23 अगस्त को खुले रहेंगे डाकघर, 'राखी बाय स्पीड पोस्ट' की विशेष सुविधा

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों को राखियां समय पर भाइयों तक भेजने की सुविधा के लिए डाक विभाग ने विशेष व्यवस्था की है। उदयपुर मंडल के सभी डाकघरों में रविवार, 23 अगस्त को राखी मेल की बुकिंग के लिए विशेष काउंटर खुले रहेंगे। प्रवर डाक अधीक्षक ने बताया कि आमजन रविवार को भी राखी के लिफाफे एवं पार्सल स्पीड पोस्ट से बुक करा सकेंगे। नागरिकों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।

### गांजा तस्करी मामले में महिला दोषी करार



**पोर्ट ब्लेयर@पदमावत मीडिया।** अंडमान एवं निकोबार पुलिस के एंटी नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन में दर्ज गांजा तस्करी के मामले में न्यायालय ने महिला आरोपी को दोषी करार दिया है। मामला वर्ष 2024 में दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार प्राथमिकी संख्या 09/2024 के तहत 12 जुलाई 2024 को कार्रवाई करते हुए 46 वर्षीय भगवती मिस्त्री को गिरफ्तार किया गया था। उसके कब्जे से अवैध गांजा बरामद हुआ था। मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक संजय यादव ने की और समय पर आरोपपत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने 12 अगस्त 2026 को आरोपी को दोषी करार देते हुए मामले का निस्तारण किया। पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री, कब्जे या तस्करी से संबंधित जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

### चुनाव से पहले झुंझुनूं पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 20 लाख की अवैध शराब जब्त



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** पिलानी थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चंडीगढ़ निर्मित अंग्रेजी शराब के 148 कार्टन जब्त कर आरोपी प्रवीण को गिरफ्तार किया है। शराब परिवहन में प्रयुक्त बंद बॉडी पिकअप भी जब्त की गई। शराब और वाहन की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये है। पुलिस के अनुसार शराब पिकअप में पुराने सोफा सेट और लोहे की अलमारी के पीछे छिपाकर हरियाणा से राजस्थान के रास्ते गुजरात ले जाई जा रही थी। नाकाबंदी के दौरान वाहन की तलाशी में शराब बरामद हुई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर तस्करी नेटवर्क के संबंध में जांच शुरू कर दी है।

## जवाहर कला केंद्र में सजा फोटोग्राफी का महाकुंभ, तस्वीरों के साथ दिखी पेंटिंग की रंगीन दुनिया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com









**जयपुर।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जवाहर कला केंद्र की सहभागिता से आयोजित 'नजर फोटो एवं पेंटिंग एग्जीबिशन' के पांचवें संस्करण का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय प्रदर्शनी 21 से 23 अगस्त तक चलेगी। प्रदर्शनी में राजस्थान सहित देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति, प्रकृति, वन्यजीवन और जनजीवन को कैमरे में कैद करती चुनिंदा तस्वीरों के साथ पेंटिंग्स भी प्रदर्शित की गई हैं।.प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने फीता खोलकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विभिन्न तस्वीरों और पेंटिंग्स को देखा तथा फोटोग्राफर्स एवं कलाकारों की रचनात्मकता की सराहना की। इस अवसर पर डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि फोटोग्राफी केवल तस्वीर खींचने की कला नहीं है, बल्कि किसी विशेष क्षण, भावना और कहानी को हमेशा के लिए सहेजने का माध्यम है। एक अच्छी तस्वीर उस समय और परिस्थिति की कहानी कहने में सक्षम होती है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां कलाकारों की रचनात्मक सोच को मंच देने के साथ आमजन को समाज, प्रकृति और जीवन को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखने का अवसर भी प्रदान करती हैं। उन्होंने 'नजर' प्रदर्शनी में फोटोग्राफी और पेंटिंग के संगम को विशेष रूप से सराहा। प्रकृति एवं वन्यजीवन से जुड़ी तस्वीरों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी रचनाएं लोगों को प्रकृति और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रिटायर्ड आईएएस पवन अरोड़ा ने कहा कि 'नजर' जैसी प्रदर्शनियां फोटोग्राफी और कला से जुड़े लोगों को अपनी रचनात्मकता साझा करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराती हैं। तस्वीर में केवल कोई दृश्य नहीं होता, बल्कि उसके पीछे फोटोग्राफर की सोच, संवेदना और उस क्षण को देखने का नजरिया भी छिपा होता है। फोटोग्राफी के साथ पेंटिंग को शामिल किए जाने से प्रदर्शनी का स्वरूप और अधिक आकर्षक हो गया है। आयोजक रेणुका कुमावत, संजय कुमावत, अदिति अग्रवाल, डॉली अग्रवाल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया तथा प्रदर्शनी में शामिल तस्वीरों और पेंटिंग्स की विषयवस्तु से अवगत कराया। प्रदर्शनी में आईएएस डॉ. जितेंद्र सोनी, आईएफएस अरिजीत बनर्जी, पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त निदेशक प्रचार एवं वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर डॉ. कमलेश शर्मा सहित अनेक फोटोग्राफर्स की वन्यजीवन एवं विभिन्न विषयों पर आधारित तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। इनके अलावा जयपुर एवं राजस्थान के जाने-माने फोटो जर्नलिस्ट, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सक, विद्यार्थी और पेंटिंग कलाकार भी अपनी रचनाओं के साथ प्रदर्शनी का हिस्सा बने हैं। प्रकृति और वन्यजीवन से जुड़ी तस्वीरों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कैमरे में कैद वन्यजीवों के अलग-अलग भाव, प्राकृतिक दृश्यों और राजस्थान के जनजीवन की तस्वीरों ने प्रदर्शनी को विविधता प्रदान की। वहीं पेंटिंग्स ने रंगों और कल्पना के माध्यम से कला का अलग संसार प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में कलाप्रेमी, फोटोग्राफी प्रेमी एवं शहरवासी मौजूद रहे। दिनभर प्रदर्शनी देखने के लिए दर्शकों का तांता लगा रहा। आईएएस शुचि त्यागी, पवन गोयल, अर्चना सुराणा, डॉ. विवेक शर्मा, जे.डी. माहेश्वरी, दीपेंद्र राणा, सुधीर माथुर, अनूप श्रीवास्तव, आनंद पोद्दार, नरेंद्र रावत, अनुपमा सोनी सहित अनेक विशिष्ट लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कलाकारों की रचनाओं की सराहना की। आयोजक रेणुका कुमावत ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य फोटोग्राफर्स, फोटो जर्नलिस्ट और पेंटिंग कलाकारों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपनी रचनात्मकता को व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचा सकें। साथ ही आमजन को फोटोग्राफी एवं कला की विभिन्न विधाओं और दृष्टिकोणों से परिचित कराना भी आयोजन का उद्देश्य है।

## कांदिवली में 3.25 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**मुंबई।** कांदिवली पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 651 ग्राम हेरोइन बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 3 करोड़ 25 लाख 50 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 लाख 10 हजार रुपये नकद और दो मोबाइल फोन सहित कुल 3 करोड़ 28 लाख 10 हजार रुपये का माल जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार मुंबई और मुंबई उपनगर क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी और खरीद-फरोख्त करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 20 अगस्त 2026 को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कांदिवली पश्चिम क्षेत्र में जाल बिछाकर दो संदिग्धों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 651 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। मामले में कांदिवली पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 1133/2026 के आधार पर एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों ने हेरोइन की तस्करी करने की बात स्वीकार की है। जांच में इस तस्करी से जुड़े अंतरराज्यीय गिरोह की भूमिका सामने आने की बात भी कही गई है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश और मामले की आगे की जांच जारी है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में कांदिवली पश्चिम स्थित अपराध शाखा की टीम ने की। टीम में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शशिकांत जगदाले, पुलिस निरीक्षक विश्वास पाटील, सहायक पुलिस निरीक्षक दादासाहेब बनसोडे, सहायक पुलिस निरीक्षक अमित पाटील, पुलिस उपनिरीक्षक बालासाहेब शिंदे तथा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## किलेश्वर मढ़ महादेव मंदिर में 24 अगस्त को सजेगी भक्ति की भव्य रात, सुबह तक गूंजेंगे महादेव के जयकारे




**मुंबई@पदमावत मीडिया।** महाराणा प्रताप युवा परिषद, मुंबई की ओर से सोमवार, 24 अगस्त 2026 को मलाड स्थित किलेश्वर मढ़ महादेव मंदिर में एक शाम श्री किलेश्वर महादेव के नाम भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भगवान महादेव की भक्ति और भजनों से सराबोर होने वाली इस विशेष शाम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने का आह्वान किया है। कार्यक्रम की शुरुआत रात 8 बजे होगी और भव्य भजन संध्या का सिलसिला सुबह 5 बजे तक चलेगा। इस दौरान प्रसिद्ध भजन गायिका मधुबाला राव, भजन गायक पूर्ण गुर्जर काली गाड़ी फेम तथा भजन गायक महेश पालीवाल अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति के रंग में रंगेंगे। भजनों की स्वर लहरियों और भगवान किलेश्वर महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर में देर रात तक भक्तिमय वातावरण बने रहने की उम्मीद है। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए रात 8 बजे से सुबह 2 बजे तक सामूहिक महाप्रसादी की भी व्यवस्था की गई है। भजन संध्या के साथ महाप्रसादी का आयोजन श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। आयोजकों की ओर से कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन मुकेश पालीवाल करेंगे, जबकि महालक्ष्मी म्यूजिकल ग्रुप का सहयोग रहेगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए महाराणा प्रताप युवा परिषद, मुंबई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन के अध्यक्ष एवं आयोजक विजय गुर्जर राधे ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य श्रद्धालुओं को भक्ति और धार्मिक आस्था से जोड़ने के साथ समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और एकजुटता की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि वे 24 अगस्त को किलेश्वर मढ़ महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान किलेश्वर महादेव के दर्शन करें और भव्य भजन संध्या में सपरिवार शामिल होकर धर्मलाभ लें। महाराणा प्रताप युवा परिषद की ओर से आयोजित इस धार्मिक संध्या में भक्ति संगीत, महाप्रसादी और सामूहिक सहभागिता का संगम देखने को मिलेगा। आयोजकों को उम्मीद है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान किलेश्वर महादेव के प्रति अपनी आस्था प्रकट करेंगे।

## 13 हजार रुपये रिश्वत लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार, नए मकान का नंबर आवंटित करने के लिए मांगी थी रिश्वत



**मंचेरियल@पदमावत मीडिया।** तेलंगाना के मंचेरियल जिले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने कार्रवाई करते हुए पंचायत सचिव जे. वरलक्ष्मी को 13 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी पंचायत सचिव लिंगाईपल्ली गांव, जन्नाराम मंडल में पदस्थ थी। उसने शिकायतकर्ता से नए निर्मित मकान के लिए मकान निर्माण की अनुमति संबंधी आधिकारिक प्रक्रिया पूरी करने और मकान नंबर आवंटित करने के बदले रिश्वत मांगी थी। प्रेस नोट के अनुसार आरोपी ने शुरुआत में शिकायतकर्ता से 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। बाद में बातचीत के बाद 13 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। कार्रवाई के दौरान आरोपी ने नकद राशि स्वीकार करने के बजाय शिकायतकर्ता को फोनपे के माध्यम से राशि भेजने के निर्देश दिए। आरोपी ने इसके लिए एक अन्य पंचायत सचिव लावण्या का फोनपे नंबर उपलब्ध कराया। शिकायतकर्ता ने आरोपी के निर्देश पर उस खाते में 13 हजार रुपये स्थानांतरित कर दिए, जिसके बाद रिश्वत स्वीकार करने की प्रक्रिया पूरी हुई। रिश्वत की मांग और फोनपे के माध्यम से भुगतान करने के निर्देश भी दर्ज किए गए, जिन्हें मामले में रिश्वत की मांग और स्वीकार किए जाने से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य माना गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अनुसार आरोपी ने अपने सरकारी पद का दुरुपयोग करते हुए अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए रिश्वत की मांग की और स्वीकार की। कार्रवाई के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया तथा करीमनगर स्थित विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। मामले की जांच जारी है। सुरक्षा कारणों से शिकायतकर्ता की पहचान और विवरण सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

## चुनाव में ओबीसी को जनसंख्या के अनुसार टिकट देने की मांग




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट की बैठक माली कॉलोनी में लोकेश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी नगर निकाय एवं पंचायती राज चुनावों में ओबीसी समाज को जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व देने की मांग उठाई गई। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि ओबीसी समाज की जनसंख्या 55 प्रतिशत होने के बावजूद चुनावों में आरक्षण का अनुपात अपेक्षाकृत कम है। इसको लेकर समाज की ओर से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सहित दोनों दलों के जिला अध्यक्षों एवं प्रभारियों को पत्र भेजकर मांग रखने का निर्णय लिया गया।

बैठक में यह भी मांग की गई कि जिन वार्डों में ओबीसी समाज की आबादी 60 प्रतिशत से अधिक है, वहां ओबीसी समाज के प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा जाए। ट्रस्ट की ओर से प्रत्याशियों के चयन के लिए प्रभारियों की नियुक्ति भी की जाएगी।

बैठक में संस्थापक दिनेश माली, पीएस पटेल, बालकृष्ण सुहालका, सूर्य प्रकाश सुहालका, अशोक मेवाड़ा, शर्मिला माली, पूजा ट्रेलर, अर्चना भाटी, भेरूलाल भोई, श्याम सुंदर गुर्जर, भारत माली, हरीश सुहालका, ईश्वर लाल सुथार एवं रमाकांत सुथार सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## केंद्रीय योजनाओं के निधि का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केंद्रीय योजनाओं के लिए उपलब्ध निधि का प्रभावी और समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग प्रमुख केंद्रीय निधि के पूर्ण उपयोग को प्राथमिकता देते हुए इस वर्ष निधि के उपयोग का स्तर 95 प्रतिशत से अधिक रखने का प्रयास करें, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके।

सह्याद्री अतिथि गृह में आयोजित केंद्रीय योजनाओं के लिए उपलब्ध निधि और उसके उपयोग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि राज्य की विभिन्न योजनाओं के लिए उपलब्ध निधि के साथ केंद्रीय योजनाओं के निधि का प्रभावी समन्वय कर विकास कार्यों को अधिक गति दी जा सकती है। अगले वर्ष लगभग 16 से 17 हजार करोड़ रुपये के केंद्रीय निधि का उपयोग करने की क्षमता है, जिसमें बड़ी राशि पूंजीगत व्यय के लिए उपलब्ध है। इसलिए विभाग प्रमुखों को केंद्रीय निधि के समयबद्ध उपयोग की जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विभाग के पास केंद्रीय योजनाओं के तहत कितनी राशि उपलब्ध है, उसमें से कितनी खर्च हो चुकी है और कितनी राशि शेष है, इसकी विभागवार समीक्षा की जानी चाहिए। लेखा प्रक्रिया में आ रही बाधाओं के कारण निधि का उपयोग प्रभावित हो रहा हो तो उन्हें तत्काल दूर किया जाए। निर्धारित समयसीमा में योजनाओं का व्यापक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विभागों को गंभीरता से कार्य करना होगा।

उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से किसी योजना के लिए नई लेखा प्रणाली अथवा तकनीकी बदलाव निर्धारित किए जाने पर उसे तत्काल लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यों के लिए निर्धारित अंतिम तिथि की प्रतीक्षा करने के बजाय विभागों को तात्कालिकता की भावना के साथ काम करना चाहिए। निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई नहीं होने पर संबंधित निधि के संबंध में कठोर निर्णय लेने की आवश्यकता हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने पिछले दो-तीन वर्षों में खर्च किए गए केंद्रीय निधि की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि विभाग द्वारा निधि खर्च कर दी गई है, लेकिन उसका लेखांकन में प्रतिबिंब नहीं हुआ है तो इसके कारण स्पष्ट किए जाएं। वहीं यदि निधि खर्च नहीं हुई है तो उसे समय पर खर्च करने की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। विभागों को अपनी कार्यप्रणाली में मौजूद कमियों को दूर करने के भी निर्देश दिए गए।

**मुख्य सचिव करेंगे त्रैमासिक समीक्षा**

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय योजनाओं के निधि उपयोग की नियमित निगरानी के लिए मुख्य सचिव स्तर पर प्रभावी व्यवस्था स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक तीन महीने में निधि के उपयोग की समीक्षा की जाए और इसके लिए स्पष्ट संकेतक निर्धारित किए जाएं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय योजनाओं के निधि का अधिकतम और प्रभावी उपयोग कर विकास कार्यों को गति देना समीक्षा का मुख्य उद्देश्य है।

बैठक में निवासी आयुक्त सुशील गायकवाड़ ने केंद्रीय निधि के विभागवार उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी। वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव विकास चंद्र रस्तोगी ने पिछले तीन-चार वर्षों में विभिन्न विभागों द्वारा केंद्रीय निधि के उपयोग की स्थिति की जानकारी दी। बैठक में दोनों प्रस्तुतियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

**स्कूल शिक्षा विभाग निधि उपयोग में आगे**

केंद्र प्रायोजित योजनाओं के वित्तीय वर्ष 2025-26 के निधि उपयोग में महाराष्ट्र के विभिन्न विभागों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विभागवार समीक्षा में स्कूल शिक्षा एवं खेल विभाग ने 96 प्रतिशत निधि का उपयोग कर पहला स्थान प्राप्त किया। बजट की तुलना में इस विभाग की निधि उपयोगिता 99.9 प्रतिशत रही। सहकारिता एवं विपणन तथा वस्त्रोद्योग विभाग और गृह विभाग ने 99-99 प्रतिशत, मृदा एवं जल संरक्षण विभाग ने 98 प्रतिशत, कृषि एवं संबद्ध विभाग ने 94 प्रतिशत तथा ग्रामीण विकास विभाग ने 86 प्रतिशत निधि का उपयोग किया। ग्रामीण विकास विभाग के लिए 10,283 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान था, जिसमें से 9,874 करोड़ रुपये वितरित हुए और 8,537 करोड़ रुपये खर्च किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग ने वितरित निधि में से 83 प्रतिशत का उपयोग किया। नियोजन विभाग की निधि उपयोगिता 111 प्रतिशत रही। मनरेगा में वितरित निधि का 100 प्रतिशत उपयोग किया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने 75 प्रतिशत निधि का उपयोग किया, जबकि बजट की तुलना में इसकी उपयोगिता 101 प्रतिशत रही। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन में 111 प्रतिशत निधि उपयोगिता दर्ज की गई। बड़ी निधि वाली योजनाओं में भी कई विभागों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान में वितरित निधि का 82 प्रतिशत, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य अभियान में 71 प्रतिशत तथा मनरेगा में 100 प्रतिशत निधि का उपयोग किया गया। बैठक में मुख्य सचिव राजेश अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव उपस्थित रहे।

## खबर संक्षिप्त

### टीएडी छात्रावासों में प्रतिनियुक्ति के लिए साक्षात्कार स्थगित

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों एवं उपायुक्त कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति के लिए 24 एवं 25 अगस्त को होने वाले वॉक-इन-इंटरव्यू आगामी आदेश तक स्थगित कर दिए गए हैं। संभागीय आयुक्त एवं आयुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग प्रज्ञा केवलरमानी ने बताया कि नगरीय निकाय आम चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। साक्षात्कार की आगामी तिथि के संबंध में अलग से आदेश जारी किए जाएंगे।

### नगर निकाय चुनाव के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के मद्देनजर जिला कलेक्ट्रेट में नियंत्रण एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। प्रकोष्ठ चुनाव संबंधी शिकायतों की जांच एवं त्वरित निस्तारण के साथ सूचनाओं के संकलन और सम्प्रेषण का कार्य करेगा। नियंत्रण कक्ष कलेक्ट्रेट के प्रथम तल स्थित कमरा नंबर 219 में स्थापित किया गया है और चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक चौबीसों घंटे संचालित रहेगा। प्रभारी अधिकारी का दायित्व उपमहानिरीक्षक, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग, उदयपुर को सौंपा गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 0294-2420028 है।

### भाणा हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर जिला स्तरीय सिक्स-ए-साइड प्रतियोगिता आज

**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** भाणा हॉकी एस्ट्रो टर्फ पर जिला स्तरीय सिक्स-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसमें बालक एवं बालिका वर्ग की आठ-आठ टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में हॉकी को बढ़ावा देना और प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। जिला खेल अधिकारी धर्म देव सिंह ने बताया कि दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 11 हजार, 8 हजार एवं 6 हजार रुपए के नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों एवं खेलप्रेमियों में उत्साह है। उन्होंने बताया कि हॉकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए हाल ही में अर्जुन अवार्डी अशोक ध्यानचंद एवं अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी दलजिंदर सिंह के सान्निध्य में 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया था।

### 22 अगस्त को होगा शिव पुराण कथा का आयोजन

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पवित्र श्रावण मास के अवसर पर अद्वैतम संस्था की ओर से शिव पुराण कथा का आयोजन 22 अगस्त को शाम 4 बजे हिरणमगरी सेक्टर-4 स्थित राजस्थान साहित्य अकादमी सभागार में होगा। कथा के माध्यम से भगवान शिव के जीवन-दर्शन, लोकमंगल की भावना एवं शिवतत्त्व के विभिन्न आयामों पर आध्यात्मिक विमर्श किया जाएगा। आयोजनकर्ता किरण बाला किरन ने बताया कि कथा वाचन जयपुर से पधार रहे पंकज ओझा करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान शिव समत्व, करुणा, त्याग और लोकमंगल के प्रेरक हैं। आयोजन का उद्देश्य शिव के व्यापक जीवन-दर्शन को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजन से पूर्व शिव पुराण कथा के पोस्टर का लोकार्पण किया गया तथा जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रण दिया गया। आयोजकों ने श्रद्धालुओं एवं सर्व समाज से कथा में शामिल होने का आह्वान किया।

### अंडमान में गांजा तस्करी पर कार्रवाई, 1.285 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पोर्ट ब्लेयर@पदमावत मीडिया।** अंडमान एवं निकोबार पुलिस के एंटी नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन ने कार्रवाई करते हुए 1.285 किलो गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई वीएसआई हवाई अड्डे के पुराने टर्मिनल के निकास द्वार के पास की गई। पुलिस के अनुसार विशेष सूचना पर टीम ने संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। उसके बैग से 1.285 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान 25 वर्षीय मिजानुर सरदार, निवासी दक्षिण 24 परगना, पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह कोलकाता से उड़ान के जरिए श्री विजयपुरम पहुंचा था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस गांजा की आपूर्ति के स्रोत और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक के. बिनोज के नेतृत्व में पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस ने आमजन से मादक पदार्थों की तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

# सीबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस मामले में अमिताभ झुनझुनवाला के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**मुंबई।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड मामले में 21 अगस्त 2026 को मुंबई स्थित विशेष सीबीआई न्यायालय के समक्ष अमिताभ झुनझुनवाला के खिलाफ दूसरा पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। झुनझुनवाला रिलायंस एडीए समूह में समूह प्रबंध निदेशक के पद पर रहे हैं। उनके खिलाफ आपराधिक साजिश, आपराधिक गबन और धोखाधड़ी के आरोपों से संबंधित आरोपपत्र दाखिल किया गया है।
सीबीआई की जांच में सामने आया कि समूह में महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए अमिताभ झुनझुनवाला ने भारतीय स्टेट बैंक के साथ धोखाधड़ी की आपराधिक साजिश के तहत रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और रिलायंस इन्फ्राटेल लिमिटेड के लिए 1200 करोड़ रुपये का सावधि ऋण हासिल करने में भूमिका निभाई। दोनों कंपनियों द्वारा ऋण का भुगतान नहीं किए जाने के कारण बैंक को करीब 971.25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।
यह मामला भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत पर दर्ज किया गया था। प्राथमिकी के अनुसार इस पूरे मामले में भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों की कुल वित्तीय हिस्सेदारी 19,694.33 करोड़ रुपये है। सीबीआई ने इससे पहले 29 मई 2026 को 16 आरोपियों के खिलाफ पहला आरोपपत्र दाखिल किया था। इनमें रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, कंपनी के पांच वरिष्ठ अधिकारी और दस बैंक अधिकारी शामिल थे। इसके बाद तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया गया था। इनमें नेटिजन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड तथा उसके निदेशक अनिल जमना कल्या और टुनू साहू शामिल थे। अमिताभ झुनझुनवाला के खिलाफ दूसरा पूरक आरोपपत्र दाखिल होने के बाद इस मामले में आरोपपत्र दाखिल किए गए आरोपियों की कुल संख्या 20 हो गई है। सीबीआई ने बताया कि मामले में अन्य आरोपियों और जांच के अन्य पहलुओं को लेकर आगे की जांच जारी है। रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड के खिलाफ विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, भारतीय जीवन बीमा निगम और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की शिकायतों पर सीबीआई ने अब तक आठ प्राथमिकी दर्ज की हैं। सीबीआई के अनुसार रिलायंस एडीए समूह से जुड़े मामलों में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और सभी आरोपी वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। इन मामलों की जांच की निगरानी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की जा रही है।

## घासा ब्लॉक के संस्था प्रधानों की दो दिवसीय वाकपीठ संगोष्ठी डबोक में संपन्न



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** घासा ब्लॉक के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संस्था प्रधानों की दो दिवसीय वाकपीठ संगोष्ठी गीतांजलि इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज, डबोक में शुक्रवार को संपन्न हुई। संगोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था, विद्यालय संचालन एवं शिक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने जानकारी दी। संगोष्ठी के प्रथम दिन मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र यादव ने मध्याह्न भोजन योजना के प्रभावी संचालन को लेकर संस्था प्रधानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विशिष्ट अतिथि एडीपीसी कुंज बिहारी भारद्वाज ने एफएलएन, प्रखर एवं निपुण भारत अभियान से संबंधित जानकारी दी। अध्यक्षता सीबीईओ मावली प्रेरणा नौसलिया ने की। दूसरे दिन विभिन्न शैक्षिक विषयों पर वार्ताएं आयोजित हुईं। सीबीईओ कार्यालय के आरपी पंकज जोशी ने शाला दर्पण के प्रभावी संचालन, नीलिमा रावल ने एफएलएन, प्रखर एवं निपुण भारत तथा भरत सिंह ने कक्षा एक से आठ तक परीक्षाओं के प्रभावी संचालन पर जानकारी दी। संस्था प्रधान वाकपीठ के उद्देश्यों पर राजेंद्र सिंह सारंगदेवोत ने प्रकाश डाला। इस अवसर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक (विद्यालय शिक्षा) के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह झाला, वाकपीठ संरक्षक राजेंद्र सिंह सारंगदेवोत, प्रदेश सभाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष प्रबोधक संघ दिलीप सिंह सारंगदेवोत, पूर्व जिला अध्यक्ष सुखलाल डांगी, उच्च प्राथमिक विद्यालय वाकपीठ अध्यक्ष नारायण लाल डांगी, प्राथमिक विद्यालय संस्था प्रधान वाकपीठ अध्यक्ष नरेश कुमार आमेटा सहित घासा ब्लॉक के सभी संस्था प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेश कुमार आमेटा एवं पवन जैन ने किया।

## एक मातृभक्त और सच्चे मित्र हैं गोविंदा : हार्दिक हुंडिया

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**मुंबई।** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता गोविंदा के व्यक्तित्व और उनके मानवीय मूल्यों को याद करते हुए समाजसेवी हार्दिक हुंडिया ने कहा कि गोविंदा केवल एक सफल कलाकार ही नहीं, बल्कि सच्चे अर्थों में दोस्तों के दोस्त और अपनी मातृभक्ति के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे फिल्मों में गोविंदा को हीरो नंबर-1 कहा गया, उसी तरह वे मित्रता निभाने में भी नंबर-1 हैं।
हार्दिक हुंडिया ने बताया कि उन्हें कई अवसरों पर गोविंदा के साथ समय बिताने का अवसर मिला है। हर मुलाकात में गोविंदा का सरल, आत्मीय और खुशमिजाज स्वभाव देखने को मिला। उन्होंने कहा कि गोविंदा के व्यक्तित्व में देशभक्ति, मातृभक्ति और अपने लोगों के प्रति समर्पण की भावना कूट-कूटकर भरी हुई है।
उन्होंने कहा कि गोविंदा भारतीय सिनेमा के उन कलाकारों में शामिल हैं जिन्होंने अपनी अभिनय क्षमता, हास्य कला और नृत्य के माध्यम से करोड़ों दर्शकों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। उनकी फिल्मों का आकर्षण आज भी बरकरार है और दर्शक उनकी पुरानी एवं नई फिल्मों को समान रुचि से देखते हैं।
हार्दिक हुंडिया के अनुसार गोविंदा बेहद भावुक और संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी हैं। वे जिन लोगों को अपना मानते हैं, उनके साथ खुलकर संवाद करते हैं और जीवनभर संबंध निभाने में विश्वास रखते हैं। यही कारण है कि उनके मित्रों और शुभचिंतकों का दायरा आज भी बहुत बड़ा है।
उन्होंने कहा कि गोविंदा का संघर्ष भी प्रेरणादायक रहा है। विरार से निकलकर मुंबई के प्रतिष्ठित क्षेत्र जुहू तक पहुंचने का उनका सफर उनकी मेहनत, लगन और प्रतिभा का परिणाम है। सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद भी उन्होंने अपने पुराने संबंधों और जड़ों से जुड़ाव बनाए रखा है।
हार्दिक हुंडिया ने कहा कि गोविंदा एक उत्कृष्ट अभिनेता होने के साथ-साथ अच्छे गायक भी हैं। उनके द्वारा गाए गए कई गीत आज भी लोगों को पसंद आते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम में गोविंदा की उपस्थिति उस आयोजन की शोभा बढ़ा देती है और उनका सहज व्यक्तित्व लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।
उन्होंने कहा कि गोविंदा का जीवन संघर्ष, सफलता, परिवार के प्रति समर्पण और मित्रता का ऐसा उदाहरण है, जिससे नई पीढ़ी भी प्रेरणा ले सकती है। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यही है कि वे सफलता के शिखर पर पहुंचने के बाद भी अपने संबंधों और मूल्यों को नहीं भूले हैं।

## वार्ड 93 से पार्षद पद की दावेदारी को लेकर पंकज शर्मा ने रखा विकास का विजन, स्वच्छता और जनसुविधाओं को बताया प्राथमिकता

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जोधपुर।** राजस्थानी कॉमेडी के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके पंकज शर्मा अब सामाजिक सरोकार और क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर वार्ड संख्या 93 से पार्षद पद की दावेदारी के साथ जनता के बीच पहुंचे हैं। उन्होंने वार्ड के समग्र विकास, बेहतर जनसुविधाओं, स्वच्छता और पारदर्शी जनसेवा को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करते हुए क्षेत्रवासियों के सामने अपना विकास विजन रखा है। पंकज शर्मा की ओर से जारी प्रचार सामग्री में वार्ड 93 को स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया है। उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के स्थायी समाधान को प्राथमिकता देते हुए सड़क, नाली और स्वच्छ पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने की बात कही है। इसके साथ ही वार्ड की प्रत्येक गली में पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने को भी अपने विकास एजेंडे में शामिल किया है। पंकज शर्मा के विजन में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ युवाओं के लिए अवसर और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया है। उनका कहना है कि वार्ड का विकास केवल घोषणाओं और दावों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि जनता के साथ निरंतर संवाद और धरातल पर काम के माध्यम से विकास को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने पारदर्शी और ईमानदार व्यवस्था के साथ जनसेवा को प्राथमिकता देने की बात कही है। प्रचार सामग्री के माध्यम से उन्होंने वार्डवासियों के बीच स्वयं को जनता का सेवक और साथी बताते हुए क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने तथा उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया है। राजस्थानी कॉमेडी के क्षेत्र में सक्रिय रहने के कारण पंकज शर्मा की क्षेत्र में अपनी पहचान है। अब वे अपने सामाजिक जुड़ाव और जनसंपर्क को वार्ड के विकास से जुड़े मुद्दों के साथ जोड़ते हुए लोगों के बीच पहुंच बना रहे हैं। उनके विकास विजन में स्वच्छता, सड़क, नाली, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दी गई है। पंकज शर्मा की ओर से वार्ड संख्या 93 से पार्षद पद की दावेदारी को लेकर प्रचार अभियान शुरू किया गया है। हालांकि किसी राजनीतिक दल की ओर से उनकी उम्मीदवारी को अभी अंतिम या अधिकृत नहीं किया गया है। ऐसे में उनकी दावेदारी को फिलहाल व्यक्तिगत स्तर पर सामने रखे गए विकास विजन के रूप में देखा जा रहा है। पंकज शर्मा ने वार्डवासियों से क्षेत्र के बेहतर भविष्य के लिए सहयोग और विश्वास देने की अपील करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य वार्ड को स्वच्छ, सुरक्षित, सुविधायुक्त और विकसित बनाने की दिशा में जनता के साथ मिलकर काम करना है।

## टावर खड़ा, सोलर पैनल लगे, फिर भी नेटवर्क गायब! पनवा में बीएसएनएल की व्यवस्था पर उठे सवाल


### महीनों से तैयार मोबाइल टावर, सेवा शुरू होने का इंतजार; नेटवर्क के अभाव में ग्रामीणों, विद्यार्थियों और किसानों की बढ़ी परेशानी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूंबर।** ग्राम पनवा, पंचायत सती की चौरी में बीएसएनएल की ओर से मोबाइल नेटवर्क सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल टावर स्थापित किए जाने के बावजूद अब तक नेटवर्क सेवा शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। टावर परिसर में सोलर पैनल भी लगाए जा चुके हैं और ग्रामीणों को उम्मीद थी कि जल्द ही मोबाइल नेटवर्क की समस्या दूर होगी, लेकिन लंबे समय से टावर खड़ा होने के बावजूद सेवा शुरू नहीं होने से यह व्यवस्था ग्रामीणों के लिए महज इंतजार बनकर रह गई है।
ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। बीएसएनएल की ओर से टावर स्थापित किए जाने के बाद उन्हें लगा था कि अब गांव में मोबाइल कॉल और इंटरनेट की सुविधा बेहतर होगी, लेकिन सेवा शुरू नहीं होने से स्थिति जस की तस बनी हुई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब टावर और सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तो नेटवर्क सेवा शुरू करने में आखिर देरी क्यों हो रही है।

**नेटवर्क के बिना रोजमर्रा के जरूरी काम भी प्रभावित**

मोबाइल नेटवर्क आज केवल बातचीत का माध्यम नहीं रह गया है। शिक्षा, कृषि, बैंकिंग, सरकारी योजनाओं, डिजिटल भुगतान और विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं के लिए इंटरनेट और मोबाइल कनेक्टिविटी आवश्यक हो चुकी है। ऐसे में पनवा में नेटवर्क सुविधा उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीणों को रोजमर्रा के कई जरूरी कामों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन अध्ययन, शैक्षणिक सामग्री और अन्य जरूरी डिजिटल सेवाओं तक पहुंच प्रभावित होती है। किसानों को



कृषि संबंधी जानकारी, ऑनलाइन सेवाओं और आवश्यक संपर्क के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं आम ग्रामीणों को बैंकिंग, ऑनलाइन आवेदन, सरकारी सेवाओं और डिजिटल माध्यम से होने वाले कार्यों के लिए नेटवर्क की तलाश में इधर-उधर जाना पड़ता है।

**टावर लग गया तो सेवा शुरू क्यों नहीं हुई?**

ग्रामीणों की सबसे बड़ी चिंता यही है कि जब मोबाइल टावर स्थापित किया जा चुका है और उसके साथ सोलर पैनल भी लगाए गए हैं, तो फिर नेटवर्क सेवा शुरू करने की प्रक्रिया अभी तक पूरी क्यों नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि टावर लगाने के बाद सेवा शुरू होने का इंतजार लगातार लंबा होता जा रहा है।
ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मौके की वास्तविक स्थिति की जांच कराने तथा तकनीकी या प्रशासनिक स्तर पर जो भी कमी है, उसे तत्काल दूर करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि किसी तकनीकी प्रक्रिया, उपकरण, कनेक्टिविटी या अन्य कारण से सेवा शुरू नहीं हो पा रही है तो उसकी जानकारी भी सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि ग्रामीणों को स्थिति स्पष्ट हो सके।

**ग्रामीणों की मांग—अब टावर नहीं, नेटवर्क चाहिए**

ग्रामीणों ने बीएसएनएल के संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि मामले को प्राथमिकता से लेते हुए मोबाइल टावर को जल्द से जल्द चालू किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में टावर खड़ा करने का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उससे वास्तविक नेटवर्क सुविधा ग्रामीणों को मिल सके।
ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि संबंधित विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके का निरीक्षण करेगा और सेवा शुरू करने में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर करेगा। लंबे समय से नेटवर्क सुविधा का इंतजार कर रहे पनवा के ग्रामीण अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि मोबाइल टावर से वास्तविक नेटवर्क सेवा शुरू होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## ऑपरेशन चक्रव्यूह : नशा तस्कर की 1.25 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

**जयपुर@पदमावत मीडिया।** हनुमानगढ़ पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत नशा तस्कर सहजादा बीबी उर्फ साजिया उर्फ काली की करीब 1.25 करोड़ रुपये कीमत की रिहायशी संपत्ति फ्रीज की है। कार्रवाई एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत की गई। पुलिस के अनुसार लखुवाली निवासी सहजादा बीबी ने नशा तस्करी से अर्जित धन से चक 05 एलके में करीब 1950 वर्गफुट क्षेत्रफल का मकान बनाया था। 8 फरवरी 2026 को उसे 10.15 ग्राम मादक पदार्थ और 12,260 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया था। जांच में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तीन और चोरी का एक प्रकरण दर्ज होना सामने आया। पुलिस के अनुसार संपत्ति अर्जित करने के लिए उसके पास आय का कोई वैध स्रोत नहीं मिला। पुलिस ने नशे से अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# आरआईडीएफ एवं एमआईएफ पर नाबार्ड की संभाग स्तरीय कार्यशाला आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** नाबार्ड के तत्वावधान में ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) एवं सूक्ष्म सिंचाई निधि (एमआईएफ) को लेकर संभाग स्तरीय कार्यशाला शुक्रवार को होटल जिंजर में आयोजित हुई। कार्यशाला में ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने तथा विभिन्न विकास परियोजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता नाबार्ड के उप महाप्रबंधक राम प्रसाद शर्मा ने की। इसमें अग्रणी जिला प्रबंधक संजय गुप्ता, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक नीरज यादव सहित लोक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, उद्यानिकी एवं वन विभाग सहित विभिन्न संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए नाबार्ड के उप महाप्रबंधक राम प्रसाद शर्मा ने ग्रामीण अवसंरचना को मजबूत बनाने तथा कृषि क्षेत्र की उत्पादकता बढ़ाने में आरआईडीएफ एवं एमआईएफ की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन निधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं को गति मिलती है। उन्होंने परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन एवं निर्धारित अवधि में पूर्णता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ ग्रामीण आबादी तक पहुंच सके।
कार्यशाला के दौरान नाबार्ड अधिकारियों की ओर से आरआईडीएफ एवं एमआईएफ को लेकर विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं। इनमें योजनाओं के तहत पात्र क्षेत्रों, परियोजना मूल्यांकन के मानदंड, ऋण पात्रता से संबंधित प्रावधान, परियोजना स्वीकृति प्रक्रिया, संशोधित संवितरण व्यवस्था तथा निगरानी प्रणाली सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भी योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर चर्चा की और अपनी आवश्यकताओं एवं व्यावहारिक चुनौतियों से अवगत कराया।
कार्यशाला में बताया गया कि उदयपुर संभाग में वर्तमान में 2,544.16 करोड़ रुपये की आरआईडीएफ समर्थित परियोजनाएं क्रियान्वयनाधीन हैं। इन परियोजनाओं में ग्रामीण सड़क, पेयजल आपूर्ति, सिंचाई, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन, उद्यानिकी तथा वानिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ आधारभूत ढांचा विकसित करने के साथ ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास किया जा रहा है।
बैठक में धीमी गति से चल रही एवं समस्याग्रस्त परियोजनाओं की भी विशेष रूप से समीक्षा की गई। नाबार्ड अधिकारियों ने संबंधित विभागों के साथ परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों को परियोजनाओं को निर्धारित समय में धरातल पर उतारने तथा प्रत्येक चरण के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए गए।
परियोजनाओं में देरी के कारणों पर चर्चा करते हुए भूमि अधिग्रहण, प्रक्रियात्मक बाधाओं, बजट संबंधी सीमाओं तथा अन्य प्रशासनिक एवं तकनीकी समस्याओं को भी सामने रखा गया। संबंधित विभागों को इन बाधाओं के समाधान के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने तथा परियोजनाओं की गति बढ़ाने की सलाह दी गई।
कार्यशाला में उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं परियोजना पूर्णता रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। नाबार्ड अधिकारियों ने कहा कि परियोजनाओं की नियमित निगरानी और समय पर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने से स्वीकृत योजनाओं की प्रगति को बेहतर तरीके से आगे बढ़ाया जा सकेगा।
कार्यशाला का उद्देश्य आरआईडीएफ एवं एमआईएफ के माध्यम से स्वीकृत परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागों के बीच बेहतर समन्वय तथा ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं को गति प्रदान करना रहा। अधिकारियों ने परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा कर ग्रामीण क्षेत्रों तक उनके वास्तविक लाभ पहुंचाने पर सहमति व्यक्त की।

## गुजरात सीबीआई कोर्ट ने रिश्वत मामले में आयकर अधिकारी को तीन साल कारावास की सजा सुनाई




**अहमदाबाद@पदमावत मीडिया।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित सीबीआई न्यायालय ने रिश्वत मामले में आयकर अधिकारी जरनैल बी. सिंह को तीन वर्ष के कठोर कारावास और 20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायालय ने 21 अगस्त 2026 को आरोपी को दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई।
केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 22 फरवरी 2013 को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। आरोप था कि आरोपी आयकर अधिकारी ने श्रीलेखा विविधलक्षी चैरिटेबल ट्रस्ट को आयकर अधिनियम की धारा 11 और 80जी के तहत छूट दिलाने के लिए प्रमाणपत्र जारी करने के बदले शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये की अवैध रिश्वत मांगी थी।
शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया और आरोपी को शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपये की रिश्वत स्वीकार करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद 22 फरवरी 2013 को उसे गिरफ्तार किया गया। मामले में सीबीआई ने 31 अक्टूबर 2013 को आरोपपत्र दाखिल किया था। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अहमदाबाद स्थित सीबीआई न्यायालय ने 21 अगस्त 2026 को आरोपी को दोषी ठहराया और तीन वर्ष के कठोर कारावास के साथ 20 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

## खबर संक्षिप्त

### छात्राणियों ने पारंपरिक लहरिया वेशभूषा में मनाया श्रावण उत्सव



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** क्षत्रिय विकास संस्थान, महाराणा प्रताप कॉलोनी, सेक्टर-13 में श्रावण पर्व के उपलक्ष्य में लहरिया उत्सव आयोजित किया गया। छात्राओं ने रंग-बिरंगी पारंपरिक लहरिया वेशभूषा में उत्साहपूर्वक भाग लेकर राजस्थानी संस्कृति एवं परंपराओं को जीवंत किया। संस्थान के महामंत्री हिम्मत सिंह शक्तावत ने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और विरासत से जोड़ने के साथ परंपराओं के संरक्षण का माध्यम हैं। संस्थान अध्यक्ष भवानी सिंह राणावत ने सभी मातृशक्ति को श्रावण पर्व एवं लहरिया उत्सव की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मनोहर सिंह राठौड़ सहित संस्थान के पदाधिकारी, सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं। सचिव हिम्मत सिंह शक्तावत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ कुल का स्थापना दिवस मनाया



**कुराबड़@पदमावत मीडिया।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ द्वारा संचालित राजस्थान विद्यापीठ महाविद्यालय एवं महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, बेमला-कुराबड़ में स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं संस्था गीत से हुआ। मुख्य अतिथि कुराबड़ यूनिट की प्रशासक डॉ. वर्तिका गुर्जर ने कहा कि जनार्दन राय नागर की दूरदर्शिता से वर्ष 1937 में तीन रुपये और एक लालटेन से शुरू हुई सायंकालीन पाठशाला आज विश्वविद्यालय के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। उन्होंने कुल प्रमुख एवं कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर के संदेश का वाचन भी किया। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मांगीलाल जनवा ने संस्थान की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि प्रधानाध्यापक कुलदीप आमेटा ने कहा कि स्थापना के समय बोया गया शिक्षा का बीज आज विशाल वटवृक्ष बन चुका है। कार्यक्रम में छात्राओं खुशी कुंवर एवं सपना कुंवर ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. निर्मला सालवी ने किया। इस अवसर पर शिक्षक, विद्यार्थी एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### टाइम बैंक ऑफ इंडिया शोभागपुरा इकाई की पहली बैठक आयोजित



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** टाइम बैंक ऑफ इंडिया की शोभागपुरा इकाई की पहली बैठक 20 अगस्त की शाम रिवर फ्रंट गार्डन में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सुषमा अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि केके शर्मा एवं डॉ. एमजी वार्ष्णेय तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. विमल शर्मा मौजूद रहे। एडमिन संजय गुप्ता देवेश ने सदस्यों का परिचय कराया। केके शर्मा एवं प्रो. विमल शर्मा ने टाइम बैंक ऑफ इंडिया की उपयोगिता, उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं सेवा भावना की जानकारी दी। नए सदस्यों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मीडिया प्रभारी प्रो. विमल शर्मा ने बताया कि बैठक में करीब 40 सदस्यों ने नियमित बैठकें आयोजित करने तथा आसपास रह रहे 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों एवं बीमार सदस्यों से नियमित संपर्क रखने पर जोर दिया। सभी सदस्यों एवं वरिष्ठजनों की जानकारी संकलित कर गूगल मैप सहित पीडीएफ तैयार करने की जिम्मेदारी विमल शर्मा ने ली। बैठक के बाद सदस्यों ने हनुमानजी के दर्शन किए और रिवर फ्रंट गार्डन में भ्रमण किया। इस दौरान सदस्यों ने पारिवारिक माहौल में एक-दूसरे से संवाद किया।

# ऑपरेशन विश्वास से खोए और चोरी हुए मोबाइल बरामद, मालिकों को लौटाए

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com








**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने ऑपरेशन विश्वास के तहत खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। पुलिस लाइन स्थित ड्रिल हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बरामद मोबाइल फोन लोगों को लौटाए गए। पुलिस ने एक माह के विशेष अभियान के दौरान केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर के आंकड़ों का तकनीकी विश्लेषण कर विभिन्न थाना एवं जिला इकाइयों के सहयोग से मोबाइल फोन की तलाश की। अभियान में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल सहित अन्य क्षेत्रों से भी मोबाइल बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार द्वीप समूह में मोबाइल बरामदगी की दर 52.20 प्रतिशत है। अभियान के दौरान 148 अतिरिक्त मामलों की पहचान की गई है, जिससे बरामदगी दर करीब 63.59 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। बरामद मोबाइल महिलाओं, विद्यार्थियों, सरकारी कर्मचारियों, रक्षा कर्मियों सहित अन्य नागरिकों को लौटाए गए। पुलिस ने लोगों से मोबाइल खोने या चोरी होने पर तत्काल पुलिस थाने में सूचना देने और केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर पर इसकी जानकारी दर्ज कराने की अपील की।

## भीम में चाकू से हमला कर युवक की हत्या, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** भीम थाना पुलिस ने युवक की हत्या के मामले का 24 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी पंकज मीणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार महिला मित्र से बातचीत को लेकर हुई कहासुनी के बाद आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला किया था। घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।




पुलिस के अनुसार 17 अगस्त को भीम क्षेत्र में सूरज उर्फ सुरेश मीणा पर चाकू से हमला किया गया था। उपचार के दौरान 18 अगस्त को अजमेर में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने विशेष टीमें गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की और उसे देवगढ़ क्षेत्र से दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में सामने आया कि मृतक आरोपी की महिला मित्र से मोबाइल पर बातचीत करता था, जिसे लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था। इसी रंजिश में आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में अनुसंधान जारी है।

गिरफ्तार आरोपीः पंकज पुत्र प्रकाश मीणा, उम्र 20 वर्ष, निवासी गंधवापाल, थाना चौरासी, जिला डूंगरपुर। इस कार्रवाई में भीम थाना पुलिस की गठित टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सुखाड़िया नगर और श्रीनाथ कॉलोनी के वर्षों पुराने प्रकरण के समाधान के लिए विधायक मेवाड़ के प्रयास तेज, मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप का आग्रह

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**नाथद्वारा।** नाथद्वारा शहर के सुखाड़िया नगर एवं श्रीनाथ कॉलोनी से जुड़े वर्षों पुराने वन क्षेत्र संबंधी प्रकरण के स्थायी समाधान को लेकर नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ लगातार प्रयास कर रहे हैं। विधायक द्वारा प्रशासनिक स्तर पर लगातार संवाद और पत्राचार के माध्यम से मामले को समाधान की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। इस मामले को विधानसभा में उठाने के बाद अब विधायक ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से हस्तक्षेप कर क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी समस्या का निर्णायक समाधान कराने का आग्रह किया है। विधायक मेवाड़ ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि सुखाड़िया नगर से जुड़ा प्रकरण लंबे समय से लंबित है और इसके कारण क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने प्रकरण से संबंधित राजस्व मंडल, अजमेर के आदेश तथा उप वन संरक्षक, वन्यजीव, राजसमंद की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया है। राजस्व मंडल की ओर से जारी आदेश में मामले को नियमानुसार निस्तारण के लिए राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। विधायक ने बताया कि श्रीनाथ कॉलोनी की स्थिति भी सुखाड़िया नगर से मिलती-जुलती है। ऐसे में दोनों क्षेत्रों के नागरिकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए उन्होंने संबंधित विभागों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष लगातार इस मुद्दे को उठाया है। उनका प्रयास है कि वर्षों से लंबित प्रकरण का समाधान निर्धारित नियमों और प्रशासनिक प्रक्रिया के अनुरूप किया जाए। विधायक मेवाड़ ने इस मामले को विधानसभा में भी प्रमुखता से उठाते हुए सरकार का ध्यान क्षेत्रवासियों की समस्या की ओर आकर्षित किया था। इसके बाद भी उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों से संपर्क बनाए रखा और आवश्यक कार्रवाई के लिए लगातार स्मरण कराया। विधायक का कहना है कि क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी समस्या केवल पत्राचार और कागजी प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि संबंधित आदेशों एवं नियमों के अनुरूप इसका व्यावहारिक और स्थायी समाधान होना आवश्यक है। इससे प्रभावित नागरिकों को राहत मिलने के साथ उनके वैधानिक अधिकारों और आवश्यक सुविधाओं का मार्ग भी प्रशस्त हो सकेगा। अब विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से आग्रह किया है कि वे इस प्रकरण में आवश्यक हस्तक्षेप करते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश प्रदान करें, ताकि सुखाड़िया नगर एवं श्रीनाथ कॉलोनी से जुड़े मामले का शीघ्र एवं निर्णायक समाधान हो सके। विधायक मेवाड़ ने कहा कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधि के रूप में वे प्रशासन और सरकार के स्तर पर लगातार समन्वय बनाए हुए हैं तथा प्रयास रहेगा कि वर्षों से लंबित इस मामले को समाधान तक पहुंचाया जाए।

## सीबीआई अकादमी में मॉरीशस के अधिकारियों को वित्तीय और साइबर अपराधों की जांच का प्रशिक्षण



**नई दिल्ली@पदमावत मीडिया।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की अकादमी ने मॉरीशस वित्तीय अपराध आयोग के अधिकारियों के लिए वित्तीय और साइबर अपराधों की जांच से संबंधित दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। यह प्रशिक्षण भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग कार्यक्रम के तहत 10 अगस्त 2026 से शुरू हुआ था। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 21 अगस्त 2026 को नई दिल्ली स्थित केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो मुख्यालय में हुआ। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के निदेशक प्रवीण सूद ने की। वे वर्ष 1999 से 2002 तक मॉरीशस सरकार के पुलिस सलाहकार के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। दो सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान मॉरीशस वित्तीय अपराध आयोग के अधिकारियों को वित्तीय अपराधों और साइबर माध्यम से होने वाले अपराधों की जांच से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों की जांच क्षमता को मजबूत करना और बदलते स्वरूप वाले वित्तीय एवं साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी और कौशल उपलब्ध कराना रहा। समापन अवसर पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो निदेशक ने प्रशिक्षण में शामिल अधिकारियों के साथ संवाद किया। इस दौरान भारत और मॉरीशस में बढ़ते साइबर अपराध, इनके पीछे के कारणों तथा जांच के दौरान सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा हुई। साइबर अपराधों के प्रभाव को कम करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में दोनों देशों के साझा हितों और समान चुनौतियों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। विशेष रूप से सीमापार अपराधों की जांच को अधिक तेज और प्रभावी बनाने के लिए आपसी सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

## झाड़ोल दौरे पर रहे जिला कलेक्टर अग्रवाल, चंदवास में ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

### मानसी वाकल बांध के डूब क्षेत्र के किसानों ने मांगा खातेदारी हक, आबादी क्षेत्र के पट्टे देने की भी उठी मांग; पंचायतीराज चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल शुक्रवार को झाड़ोल क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने ग्राम पंचायत चंदवास में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं और परिवेदनाएं सुनीं। ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी ली और पात्र मामलों में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।



रात्रि चौपाल में मानसी वाकल बांध के डूब क्षेत्र से जुड़े किसानों को खातेदारी हक दिलाने तथा आबादी क्षेत्र के पट्टे जारी करने की मांग प्रमुखता से सामने आई। इसके अलावा ग्रामीणों ने सड़क, चिकित्सा, पेयजल सहित अन्य समस्याओं से भी जिला कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर अग्रवाल ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को परिवेदनाओं की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त होने वाली समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए पात्र प्रकरणों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीणों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुनना और उनके समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई करना है।

रात्रि चौपाल में जिला एवं उपखंड स्तर के विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने सीधे जिला कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलने पर अपनी बात रखी और विभिन्न मांगों से अवगत कराया।

**पंचायतीराज चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा**

रात्रि चौपाल से पहले जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने आगामी पंचायतीराज चुनावों को लेकर झाड़ोल उपखंड क्षेत्र में निर्वाचन व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पालियाखेड़ा स्थित मतदान केंद्र का जायजा लेकर वहां मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केंद्र पर निर्वाचन संबंधी निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके बाद जिला कलेक्टर ने जे.आर. शर्मा कॉलेज तथा राजस्थान विद्यापीठ परिसर का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्ट्रांग रूम के लिए संभावित स्थलों का अवलोकन किया और भवन की उपयुक्तता, सुरक्षा व्यवस्था, आवागमन तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी करने पर जोर दिया।

**एसडीएम कार्यालय की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा**

जिला कलेक्टर ने झाड़ोल उपखंड अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयीन व्यवस्थाओं के साथ विभिन्न राजस्व एवं अन्य प्रकरणों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली। लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को नियमानुसार प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने तथा आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें, इसके लिए प्रभावी कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए।

इस दौरान झाड़ोल उपखंड अधिकारी चिमन लाल मीणा, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पहाड़िया, तहसीलदार सीताराम बोलीवाल, विकास अधिकारी शैलेन्द्र खींची सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भिंड पुलिस की त्वरित कार्रवाई से टला हादसा, युवक को सुरक्षित बचाया

**भोपाल@पदमावत मीडिया।** भिंड के देहात थाना क्षेत्र में पुलिस की त्वरित कार्रवाई से रेलवे ट्रैक पर पहुंचे एक युवक को सुरक्षित बचा लिया गया। युवक पारिवारिक विवाद के बाद रेलवे पटरी की ओर चला गया था।



डायल-112 पर सूचना मिलने के बाद पुलिस ने साइबर सेल की मदद से युवक की मोबाइल लोकेशन हासिल की और चीता मोबाइल टीम के आरक्षक जहीर मोहम्मद एवं मनीषदेव मिश्रा को मौके पर भेजा। जवानों ने रेलवे ट्रैक के पास युवक को देखा। इसी दौरान ट्रेन महज करीब 50 मीटर दूर थी। दोनों आरक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए युवक को ट्रैक से सुरक्षित हटा लिया। बचाव के दौरान युवक के हाथ में चोट लगी, जिस पर पुलिसकर्मियों ने तत्काल प्राथमिक उपचार दिया। बाद में समझाइश कर युवक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस की त्वरित सूचना तंत्र, तकनीकी सहायता और मौके पर जवानों की सजगता से बड़ा हादसा टल गया।

# खेलगांव में राष्ट्रीय रैंकिंग टेनिस स्पर्धा में देशभर के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, उदयपुर के दिव्यराज चौहान ने जीता रजत

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**उदयपुर।** महाराणा प्रताप खेलगांव, उदयपुर में आइटा सीएस-7 नेशनल इंडिया रैंकिंग एकल टेनिस स्पर्धा का आयोजन 17 से 21 अगस्त तक किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलगांव में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता ने युवा टेनिस खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राष्ट्रीय रैंकिंग में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल एवं खेलगांव टेनिस प्रशिक्षक खेमराज गमेती ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन में आर्गेट फाउंडेशन उदयपुर का सहयोग रहा। फाउंडेशन के सदस्य एवं टेनिस कोच चेतन सर ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के दौरान प्रातःकालीन सत्र में बालक वर्ग तथा सायंकालीन सत्र में बालिका वर्ग के मुकाबले आयोजित किए गए।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि आयशा बागला, माजित अमर, उज्जवल दाधीच एवं दशरथ सिंह जादव ने विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबलों को रोमांचक बनाया।

उदयपुर के लिए प्रतियोगिता में विशेष उपलब्धि रही। खेलगांव के खिलाड़ी दिव्यराज सिंह चौहान ने डबल्स मुकाबले में रजत पदक हासिल किया। फाइनल मुकाबले में दिव्यराज की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और 6-4, 6-3 के स्कोर के साथ उपविजेता रही। उनकी इस उपलब्धि पर खेलगांव के प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

इससे पूर्व पिछले माह भी खेलगांव में राष्ट्रीय रैंकिंग टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें खेलगांव के खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। बालक एकल वर्ग में आर्जव जैन ने प्रथम तथा समन्यू जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मुकाबले का स्कोर 6-1, 2-6, 6-4 रहा। बालिका एकल वर्ग में आध्या जा ने प्रथम तथा वैदेही शर्मा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसका स्कोर 6-3, 6-0 रहा।

डबल्स मुकाबलों में बालक वर्ग में आर्जव जैन एवं वीरेश्वर ठाकुर की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दिव्यराज चौहान एवं ओजस मिश्रा की जोड़ी दूसरे स्थान पर रही। मुकाबले का स्कोर 6-4, 6-3 रहा। बालिका डबल्स में आध्या जा एवं प्रियांशी पटेल की जोड़ी विजेता रही, जबकि उदयपुर की ख्याति जैन एवं रौनक राठौर की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह मुकाबला 6-1, 2-6 और 10-5 के स्कोर से समाप्त हुआ। इस प्रकार पिछली प्रतियोगिता में खेलगांव के तीन खिलाड़ियों ने विभिन्न मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर आर्गेट फाउंडेशन के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुणाल बगला ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। इस अवसर पर उदयपुर टेनिस एसोसिएशन के डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती एवं खेलगांव में कार्यरत कार्मिक दशरथ सिंह जादव ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। खेलगांव के सभी प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने भी सफल खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि खेलगांव में विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित कराई जाएंगी, ताकि स्थानीय खिलाड़ियों के साथ-साथ उभरती प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में खेलने और अपनी क्षमता साबित करने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन से खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलने के साथ उनकी खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, उदयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त अभिषेक तथा कोषाधिकारी पार्थ शर्मा के सहयोग से खेलगांव के विकास एवं उसे कैशलेस बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। विकास कार्य वर्तमान में अंतिम चरण में हैं। खेलगांव में दो नए टेनिस क्ले कोर्ट, क्रिकेट पवेलियन, पिकलबॉल कोर्ट, ओपन बॉक्सिंग रिंग, दिव्यांगजनों के लिए शौचालय ब्लॉक तथा वर्तमान तरणताल पर शेड निर्माण एवं ऑल वेदर कार्य सहित विभिन्न सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

इन विकास कार्यों के पूर्ण होने के बाद खेलगांव में खिलाड़ियों को और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। साथ ही यहां अधिक से अधिक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं आयोजित करने की योजना है। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रतिस्पर्धा का अवसर उपलब्ध कराने के साथ नई प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें उचित प्रशिक्षण एवं मंच के माध्यम से आगे बढ़ाना है।

दैनिक पदमावत मीडिया – डिजिटल संस्करण, स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। सम्पादक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, मो. नं.: +91-95945-42679 / e-mail:- padmavatmedia@gmail.com / Web:- padmavatmedia.in / पंजीकृत संख्या : MH180326353 / (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।